## सर्वधर्म मैत्री संघ के कार्यक्रम सराहनीय

**अजमेर,** (कासं)। सर्वधर्म मैत्रीसंघ का वार्षिक उत्सव राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह लालपुरा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर सिंह ने सर्वधर्म मैत्री संघ के लोगों को जागरुत करने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस प्रकार के संगठन केवल अजमेर जैसे शहर की शान नहीं है अपितु राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रासंगिक हो गए हैं और कार्यक्रम के माध्यम से शांति व समरसता की प्रासंगिकता स्पष्ट दिखाई देती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संभागीय आयुक्त महेशचंद्र शर्मा ने अजमेर की सांस्कृतिक विरासत में मैत्री संघ को एक अनुपम महत्वपूर्ण संस्था बताते हुए इसके कार्यों को महत्वूर्ण बताया।

संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन ने सामाजिक समरसता की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया तथा वर्तमान में सडक़ सुरक्षा माह तथा नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों की भी जानकारी दी। निर्मल आश्रम नई दिल्ली से डॉक्टर स्वामी रामेश्वरानंद महाराज ने जीवन के अनुभव साझा किए। राज्य सरकार के अल्पसंख्यक विभाग जयपुर के उपनिदेशक सुशील कुमार द्वारा बैज लगाकर सर्वधर्म मैत्री संघ के मुख्य पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया।

# श्री मसानिया भैरव धाम राजगढ़ पर नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन




मसानिया भैरव धाम में नववर्ष के के नए कैलेंडर का विमोचन किया ।

**अजमेर** (कासं)। श्री मसानिया भैरव धाम राजगढ़ पर रविवारीय मेले में धाम के उपासक चम्पालाल महाराज ने सर्वप्रथम बाबा भैरव व माँ कालिका की विधिवत पूजा अर्चना कर सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की परिक्रमा प्रारम्भ की।

इसी दौरान सुजानगढ़ के कार्यकर्ताओं की टीम द्वारा श्री मसानिया भैरव धाम में मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाराज के करकमलों द्वारा व नसीराबाद सदर थानाधिकारी प्रहलाद सहाय की उपस्थिति में नववर्ष के के नए कैलेंडर का विमोचन किया गया।

■ श्री मसानिया भैरव धाम राजगढ़ पर रविवारीय मेले का आयोजन हुआ

महाराज ने इस कार्यक्रम के दौरान सुजानगढ़ के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे समर्पित कार्यकर्ता समाज और धर्म के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन और श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया उसके पश्चात चक्की वाले मंदिर पर राजा रानी कल्पवृक्ष की परिक्रमा भी करी। इस अवसर पर कई धार्मिक और सामाजिक विषयों पर चर्चा भी हुई। महाराज ने सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तंभ की 22वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धाम के सभी महिला व पुरूष कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया । यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक और आध्यात्मिक चर्चा से भरपूर रहा।

## सदगुरू बाबा ईसरदास साहिब का शताब्दी वर्सी महोत्सव

**अजमेर,** (कासं)। अजयनगर स्थित ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम में श्री सदगुरू बाबा ईसरदास साहिब की पुण्य शताब्दी महोत्सव के अवसर पर मंगलवार 7 से 13 जनवरी तक विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे।

7 से 11 जनवरी तक श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ व रामलीला का मंचन राष्ट्रभाषा हिन्दी में होगा। 11 व 12 जनवरी को देश भर से आए संत महात्माओं का धर्म संसद व संत दर्शन के साथ 13 जनवरी को यज्ञ अनुष्ठान, संत आर्शीवाद, समाधि पूजन, आरती प्रार्थना, पल्लव का आयोजन किया जाएगा।

महन्त स्वरूपदास ने बताया कि श्रीराम कथा के लिये मध्यप्रदेश जबलपुर से स्वामी अशाकानन्द व संत मण्डली व रामलीला के लिये उतरप्रदेश वृन्दान से श्री करूणामयी रामलीला मण्डल के कलाकार व पंडित 6 जनवरी को दोपहर अजमेर पहुंचेंगे।

संत गौतम ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 7 जनवरी को प्रात: 11 बजे से कलश व शोभा यात्रा संत महात्माओं की उपस्थिति में अजयनगर स्थित श्री हनुमान मन्दिर से प्रारम्भ होकर अजयनगर के विभिन्न मार्गों से निकलकर हिलटॉप स्थित ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम पर पहुंचेगी।

## पुष्कर मेड़ता रेल परियोजना का कार्य शुरू

**अजमेर/पुष्कर,** (कासं)। पुष्कर और मेड़ता रेल लाइन परियोजना के लिए रेल मंत्रालय द्वारा पहले चरण के कार्य के लिए 97 करोड़ रुपए की स्वीकृत प्रदान की है। इसके साथ परियोजना पर कार्य शुरू हो गया है। तीर्थ पुष्कर और मेड़ता रेल को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही थी। केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत की मेहनत अब रंग लाई है, योजना ने धरातल पर मूर्त रूप लेना शुरू कर दिया है। परियोजना के तहत पुष्कर और मेड़ता के बीच 51.34 किलोमीटर लंबी रेल लाइन का निर्माण किया जाएगा, इससे दोनों शहरों के बीच यात्रा का अनुभव सरल और सुलभ होगा, साथ ही क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।

**पहले चरण के कार्य हेतु 97 करोड़ रुपए स्वीकृत:** रेलवे मंत्रालय ने परियोजना के पहले चरण के लिए 97 करोड़ रुपए की लागत से कार्य प्रारंभ कर दिया है। पंजीकृत ठेकेदारों को टेंडर जारी कर कार्यादेश सौंपा गया है और ठेकेदारों ने काम शुरू कर दिया है। पुष्कर रेलवे स्टेशन के पास नए प्लेटफार्म और कर्मचारियों के आवास निर्माण का काम भी शुरू हो चुका है।

इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इस परियोजना के तहत पुष्कर से मेड़ता तक अंडर और ओवर ब्रिज भी बनाए जाएंगे, जो रेलवे ट्रैक पर यातायात और रेल संचालन को और सुगम बनाएंगे। निर्माण कार्य की निगरानी के लिए रेलवे इंजीनियरों की तैनाती की गई है और रेलवे स्टेशन पर एक ऑफिस भी खोला गया है।

**पुष्कर पर्यटन और विकास को मिलेगा बढ़ावा:** राज्य के कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि पुष्कर-मेड़ता रेल परियोजना से पुष्कर में पर्यटन सहित विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## 'राष्ट्रहित में समर्पित भाव से काम कर रही है मोदी सरकार'

**अजमेर, (कासं)।** केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने रविवार को किशनगढ़ स्थित अपने निवास एवं कार्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। संसदीय क्षेत्र अजमेर और विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ के विभिन्न भागों से आए आमजन एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं और सुझावों को व्यक्त किया।

केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां के नागरिकों का विश्वास एवं सहयोग उन्हें क्षेत्र के विकास और जनसेवा के प्रति और अधिक समर्पित करता है।

# अजमेर को मिली नए थाने की सौगात

**अजमेर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की बजट घोषणा में की गई नए थाने की सौगात रविवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र को मिली। विधानसभा अध्यक्ष व अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने पुरानी विश्राम स्थली स्थित एडीए भवन में हरिभाऊ उपाध्याय नगर (एचबीयू नगर) थाने का विधिवत उद्घाटन किया, फिलहाल यह जगह अस्थाई होगी, बाद में इसे कोटड़ा स्थाई भवन में निर्माण के बाद शिफ्ट किया जाएगा। एचबीयू नगर थाने के पहले थाना प्रभारी महावीर प्रसाद शर्मा है।

इस दौरान अजमेर संभागीय आयुक्त महेश चंद शर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक ओम प्रकाश, एसपी वंदिता राणा, एडिशनल एसपी हिमांशु जांगिड़, सीओ रुद्र प्रकाश शर्मा शहीद कई थानों के थाना अधिकारी मौजूद थे। जुलाई में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट घोषणा में इस थाने की घोषणा की थी। इससे क्रिश्चियन गंज थाने का दवाब कम होगा। अजमेर-उत्तर क्षेत्र में कई नवीन कॉलोनियां बन रही हैं। जबकि क्षेत्र में चोरी, चेन स्नेचिंग, छेडछाड़ व अनैतिक गतिविधियां सहित अन्य वारदातें होती रहती हैं। ऐसे में इस नए थाने से राहत मिलेगी।

**थानाप्रभारी सहित 21 को किया नियुक्त:** एसपी वंदिता राणा ने एचबीयू नगर थाने में पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया है। थानाप्रभारी के पद पर निरीक्षक महावीर प्रसाद शर्मा को लगाया, वहीं दो सहायक उपनिरीक्षक जयलाल, जगमाल दाहिमा लगाए गए, इनके अलावा हैडकांस्टेबल नरेन्द्रसिंह, प्रभुलाल, चैनाराम, मुस्ताक अहमद सहित 11 कांस्टेबल व 3 महिला कांस्टेबल तैनात किए है।

**नए थाने क्षेत्र में होंगे यह क्षेत्र:**-थाना क्षेत्र में हरिभाउ उपाध्याय नगर मुख्य एवं विस्तार, बीके कौल नगर, ज्ञानविहार, कोटडा, नौसर गांव, बैरवा बस्ती, रीजनल कॉलेज, गणपति नगर, हरिभाऊ उपाध्याय नगर, पुलिस चौकी का सम्पूर्ण क्षेत्र, सेवन वंडर्स, गणपति समारोह स्थल, एमपीएस स्कूल, करणी विहार कॉलोनी, नई चौपाटी, अलखनंदा कॉलोनी, रातीडांग तिराहे से रातीडांग ग्राम, एमपीएस स्कूल व उसके सामने से आनासागर जल क्षेत्र का सम्पूर्ण क्षेत्र कई छोटे बड़े प्रतिष्ठान, फ्लैट, विद्यालय एवं अस्पताल हैं।

# मालासेरी डूंगरी से महाकुंभ में रथयात्रा शुक्रवार को

**आसींद** (निसं.)। जन-जन के आराध्य देव भगवान श्री देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी से महाकुंभ तक रथ यात्रा जाएगी. मालासेरी डूंगरी देवनारायण मंदिर के पुजारी हेमराज पोसवाल ने बताया कि अभी विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक महाकुंभ मेला प्रयागराज होगा।

महाकुंभ मेला में भगवान श्री देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी के नाम पर जगह मिल चुकी है, और भगवान श्री देवनारायण के सेकड़ो देव भक्त गण सहित सेकड़ो पुजारीयों के साथ भगवान श्री देवनारायण जी का रथ प्रयागराज के लिए शुक्रवार को सुबह 9.00 बजे भगवान श्री देवनारायण की महा आरती, अनुष्ठान के बाद गाजे बाजे के साथ रवाना होगा।

रथ यात्रा शुक्रवार सुबह 9.00 मालासेरी डूंगरी से रवाना होकर रुपाहेली भट्टा चौराहा पहुंचेगी वहां से अरवड़, शाहपुरा रोड, जहाजपुर, शकरगढ़ बसोली, जयपुर, बूंदी बाईपास कोटा शहर से होते हुए किशनगढ़ वास सीताबाड़ी में रात्रि विश्राम होगा सभी जगह भक्तजनों द्वारा भगवान श्री देवनारायण की बाल स्वरूप मूर्ति का फूल पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लेगे वहीं सीताबाड़ी से वापस सुबह 9.15 बेज रवाना होते हुए, मध्यप्रदेश के शिवपुरी, करेरा, उत्तर प्रदेश, झांसी, उरई, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस से बांदा, चित्रकूट से प्रयागराज पहुंचेगी वहां पर रविवार शाम को भगवान श्री देवनारायण जन्मभूमि मालासेरी डूंगरी के लिए अखाड़े के लिए मिली भूमि पर पहुंचेगी ओर भगवान श्री देवनारायण की बाल स्वरूप मूर्ति भक्त गण के द्वारा मिली जमीन पर बना दरबार में विराजित होंगे । नित्य पूजन, हवन, आरती सेवा, अखंड कीर्तन के साथ 13 जनवरी से 26फरवरी तक भगवान श्री देवनारायण जी विराजित होंगे।

## नेत्र दान करवाया

बिजयनगर (निसं.)। मुनीम कॉलोनी निवासी रूप सिंह नाबेड़ा के आकस्मिक निधन के पश्चात परिजनों की सहमति से जैन सोशल ग्रुप बिजयनगर और आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान अजमेर के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र दान करवाया गया ।अशोक कुमार नाबेडा के पिताजी व हर्षित नाबेडा के दादाजी रूप सिंह नाबेडा के निधन की सूचना मिलने पर जैन सोशल ग्रुप द्वारा उनके परिजन उम्मेद सिंह धर्मीचंद मनोहर सिंह रिखबचंद महावीर मनीष भागचंद मुकेश अनिल नाबेड़ा परिवार के परिजनों की सहमति से मरणोपरांत नेत्रदान करवाया गया। जैन सोशल ग्रुप नेत्रदान प्रभारी अजय कुमार पोखरना ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर की टीम द्वारा डॉ भरत शर्मा के नेतृत्व में नेत्र उत्सर्जित किए गए दोनों कॉर्निया सुरक्षित दान में लिए गए ।

## स्नेह भोज में केंद्रीय राज्य मंत्री, पूर्व मंत्री, जिला प्रमुख करेंगे शिरकत

**मसूदा** (निसं.)। मसूदा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिखरानी में आज केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री व प्रतिपक्ष के नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़, जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह, मसूदा प्रधान मीनू कंवर राठौड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि वह कार्यकर्ता लोकार्पण शिलान्यास व जरूरतमंदों को कंबल वितरण एवं स्नेह भोज कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे । ग्राम पंचायत शिखरानी सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि ग्राम पंचायत शिखरानी में आजादी के पश्चात विकास के आयाम छूने को अग्रसर रहा है इन्हीं विकास कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । इस भव्य कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य सरपंचगण, वार्ड पंच भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत समिति पदाधिकारी समस्त कार्मिक ग्राम पंचायत शिखरानी के खेल मैदान पर प्रात: 11 बजे उपस्थित रहेंगे। इस दौरान रविवार को सरपंच सुरेन्द सिंह ने खेल मैदान की तैयारियांयों का निरीक्षण कर स्नहे भोज के लिए भट्टी की पूजा अर्चना कर भट्टी को भोज के लिए शुभारंभ किया।

■ भट्टी की पूजा अर्चना कर भट्टी को भोज के लिए शुरु किया।

## गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म : राधाचरण महाराज

**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। हेड़ा परिवार की और से महेश विहार में आयोजित भागवत कथा के अंतर्गत पांचवे दिन कथावाचक राधाचरण महाराज ने सेवा भाव के साथ गौ सेवा का महत्व बताया।

भागवत महापुराण के अंतर्गत बताया गया कि जब ठाकुर मां यशोदा के समीप बिराजे मां यशोदा उनके स्वरूप को देखकर अत्यंत आनंदीत हुई, पूरे गोकुल में बधाइयां बटने लगी, सब बाल गोपाल आनंदमय होकर नृत्य करने लगे, गोकुल साक्षात बैकुंठ हो गया। उन्होंने भगवान की बाल लीलाओं में माखन चोरी का प्रसंग सुनाते हुए कहा भगवान गोपियों के घर जाकर उनके भाव के कारण माखन चोरी करते हैं।

जब कृष्ण भगवान माखन चोरी रहे थे तभी बंधी हुई घंटी बज गई, तब भगवान ने योग माया से पूछा कि घंटी क्यों बजाई, योग माया ने कहा कि आप चोरी कर रहे थे तब घंटी नहीं बजे, इसका मुझे ध्यान था, ठाकुर स्वयं भोग लगा रहे थे तब घंटी बजानी पड़ी। महाराज ने कहा ब्रज के रस में राधा कृष्ण का मिश्रण है, उस माटी का सर पर तिलक करना चाहिए।

भगवान स्वयं गैया चराकर गौ माता की पीछे नंगे पांव चलकर गौ माता की सेवा करते थे, भगवान ने सेवा के द्वारा बताया कि गौ माता पशु नहीं साक्षात माता का स्वरूप है, जिसमें सर्व देवी देवता निवास करते हैं। सांय नानी बाई रो मायरे में नरसी द्वारा भेजा गया मायरे के पत्र को ठाकुर जी को अर्पित किया। ठाकुर जी ने पत्र को प्राप्त कर नरसी को निर्भय कर कहा कि भगवान के भक्त को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं। आयोजक सहसकरण हेड़ा, प्रदीप, सुशील, मनीष हेड़ा ने बताया की पूर्व विधायक सुरेश टाक, विष्णुगोपाल सोमानी, सत्यनारायण सोमानी आमेट, रामकिशोर हेडा भीलवाड़ा, देवीलाल शास्त्री, पं रामनिवास शर्मा, प्रेमसागर, राजेंद्र, राधेश्याम झंवर शाहपुरा, सत्यनारायण मूंदड़ा, राजकुमार लड्डा, प्रेम काबरा, घनश्याम गांधी, डॉ अनूप नवाल, मदनलाल वैष्णव, नटवरलाल तोषनीवाल, अरुण पोरवाल, अनुराग नामधरानी, मणिधर भट्टड, अनिल सोमानी अजमेर, नवलकिशोर सोमानी का राधाचरण महाराज ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस दौरान माहेश्वरी पंचायत संस्था अध्यक्ष रामनारायण झंवर, मंत्री किशन बंग के नेतृत्व में महिला मंडल, नवयुवक मंडल व तरुण मंडल व पंचायत संस्था के पदाधिकारीयो द्वारा महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

■ राधाचरण महाराज ने गौ सेवा का महत्व बताया

# 25 साल बाद नये थाने हरिभाऊ उपाध्याय नगर का शुभारम्भ

**अजमेर,** 5 जनवरी(कास)। अजमेर शहर की सुरक्षा के इतिहास में एक नया अध्याय रविवार से जुड़ गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुष्कर रोड़ स्थित पुरानी विश्राम स्थली में नये हरिभाउ उपाध्याय नगर पुलिस थाने का शुभारम्भ किया। पुलिस थाने में पूरे स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई है। पुलिस ने शुभारम्भ के साथ ही काम-काज संभाल लिया। यह पुलिस थाना हरिभाऊ उपाध्याय नगर सहित आसपास की करीब एक लाख आबादी को सुरक्षा प्रदान करेगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुलिस थाने के शुभारम्भ के बाद आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित किया । उन्होंने कहा कि अजमेर शहर में विगत 25 सालों में कोई नया थाना नही खुला था। क्रिश्चयनगंज थाने के क्षेत्राधिकार बहुत बड़ा होने के कारण पुलिस काफी वर्क लोड में काम कर रही थी। हमने राज्य सरकार के गठन के साथ ही इस दिशा में काम करना शुरू किया और पहले ही बजट में इस थाने के गठन को मंजूरी दिलाई। नया थाना कोटड़ा, हरिभाऊ उपाध्याय नगर, बी.के. कौल नगर, रातीडांग और आसपास के क्षेत्रा की कॉलोनियों में सुरक्षा प्रदान करेगा। करीब एक लाख आबादी को इस थाने से सुरक्षा प्रदान की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि अजमेर शहर में दूसरे देशों से आने वाले घुसपैठियों,



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुष्कर रोड़ स्थित पुरानी विश्राम स्थली में नये हरिभाउ उपाध्याय नगर पुलिस थाने का शुभारम्भ किया।

अतिक्रमण, अवैध कब्जों और अपराधों की शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। पुलिस का उद्देश्य है अपराधियों में खौफ और आमजन में विश्वास। पुलिस अपने आदर्श वाक्य की पालना के लिए सख्त पुलिसिंग करें। अजमेर में भू माफिया, भष्टाचार, अतिक्रमण और अवैध कब्जों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ऐसे लोगों को चिन्हित करें और एक्शन लें।

उन्होंने कहा कि विरोधी चाहे कितना भी दुष्प्रचार और विरोध करे लेकिन विकास की यह गति अनवरत बनी रहेगी। पिछले बजट में अजमेर जिले के लिए 1500 करोड़ रूपये की सौगातें मिली है। यह बजट घोषणाएं अजमेर में विकास के नये आयाम स्थापित करेंगी।

बजट घोषणा के तहत अजमेर में पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए 270 करोड़ रूपये की घोषणा की गई है। इस राशि के नसीराबाद से नौसर तक नई पाइप लाईन और तीन नये सर्विस रिजर्व वायर बनाए जाएंगे। माकड़वाली गांव में आईटी पार्क की स्थापना होगी। कोटड़ा में नया सैटेलाइट अस्पताल स्थापित किया जा रहा है। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में सुपरस्पेसिलिटी ब्लॉक बनेगा। अजमेर में स्पोर्टस कॉलेज, ऐथेलेटिक्स एकडमी, बालिका सैनिक स्कूल सहित अहम घोषणाएं की गई है। तेलंगाना हाउस का आंवटन निरस्त किया गया है। सांईस पार्क का निर्माण पुन: शुरू करवाया गया है।

विकास की यह गति लगातार बनी रहेगी। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त महेश चन्द्र शर्मा, आई.जी. ओमप्रकाश, जिला कलैक्टर लोक बन्धु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अतिरिक्त जिला कलैक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़ सहित कई वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बार एसोसिएशन अध्यक्ष शर्मा का अभिनंदन




**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। किशनगढ़ बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रुपेश शर्मा का अभिनन्दन किया गया। काचरिया पीठ मंदिर देवाचार्य डॉ जयकृष्ण देवाचार्य के सानिध्य में नागरीदास कला संस्थान द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में आयोजन में बार अध्यक्ष व जय परशुराम सेना संयोजक एडवोकेट रूपेश शर्मा का सामाजिक सेवा के साथ धार्मिक कार्यों में अठाणी रहकर नशा मुक्ति के लिये अभियान चलाने को लेकर उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया। अध्यक्ष शर्मा ने गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त कर कला संस्थान के गोविंद पाटोदिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

### विनोद अध्यक्ष सर्वसमिति से चुने

**मेड़ता सिटी** (निसं.)। नामदेव टाक क्षत्रिय दर्जी समाज नवयुवक मंडल के तत्वाधान में रविवार को नामदेव भवन में बैठक आयोजित की गई । बैठक में आगामी 2 फरवरी को बसंत पंचमी पर्व को लेकर बैठक का आयोजन किया गया वही नामदेव नवयुवक मंडल के चुनाव किए गए जिसमें नामदेव नवयुवक मंडल के संरक्षक नरेंद्र तोलंबिया, सी पी डिडवानिया, महेन्द्र टेलर के सानिध्य में चुनाव किए गए जिसमें विनोद रुणवाल को नामदेव नवयुवक मंडल का सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया वही प्रेम प्रकाश रूणवाल को उपाध्यक्ष, विजय तारवाण को सचिव व प्रकाश सर्वा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रूणवाल ने कहा कि समाज में नवयुवक मंडल रीड की हड्डी के समान काम करता हे । वही समाज के विकास में मुख्य भूमिका में काम करते हे। रूनवाल ने बताया कि जो नवयुवक मंडल के अध्यक्ष का जो दायित्व मुझे दिया में में उस पर कर्तव्य के साथ कार्य करूंगा। वही नवयुवक मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार जल्द किया जाएगा। रूनवाल ने बताया आगामी 2 फरवरी को बसंत पंचमी महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष इंडीवाल, मनोज वर्मा, संजय रुणवाल, रवि रूनवाल, प्रकाश तारवान, योगेश वर्मा, कैलाश तारवाण, पवन रूनवाल, राधेश्याम नेरिया, अशोक नेरिया अर्पित तारवांण सहित समाज के नवयुवक मंडल के सदस्य मौजूद थे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**मेड़ता सिटी** (निसं.)। मेघवाल विकास सेवा संस्थान के तत्वाधान में रविवार को मेघवाल समाज भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा वहीं सार्वजनिक निर्माण मंत्री मंजू बांघमार, मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बैरवा ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को हमेशा मौका मिलना चाहिए और उनको आगे लाने के लिए सभी का सहयोग करना चाहिए वहीं मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने कहा कि मेघवाल समाज बहुत बड़ा समाज है और राजस्थान ही नहीं पूरे भारत वर्ष में मेघवाल समाज का वोट बैंक बहुत बड़ा है। समाज के नागरिकों को कहना चाहता हूं समाज अपना बहुत बड़ा है हमेशा समाज के नागरिकों का साथ जरूरी है वहीं अन्य समाज के नागरिकों को भी अपने साथ रख कर कार्य करने चाहिए। किसी भी समाज के किसी प्रकार की नागरिकों को किसी ओर नजर से नहीं देखना चाहिए हर समाज के नागरिकों को साथ रख कर आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष सुरेश मेघवाल, सुरेश, रिया उपखंड अधिकारी एस के एम, शिव मेघवाल, सीताराम मेघवाल, मेड़ता रोड नगरपालिका अध्यक्ष मेघराज मेघवाल, कलरू सरपंच अशोक जूरिया, सरपंच रिया श्यामदास अशोक सहित मेघवाल समाज के नागरिक व जनप्रतिनिध मौजूद थे।

### दिलीप जायेंगे उत्तराखंड

**मसूदा** (निसं.)। मसूदा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अंधेरी देवरी में संचालित श्री सीमेंट मे कार्यतक राष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक दिलीप टाक 8 जनवरी से 11 जनवरी हरिद्वार उत्तराखंड में आयोजित होने जा रही 50वीं जूनियर नेशनल बालक/ बालिका कबड्डी चैंपियनशिप में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे, टाक पूर्व में भी कबड्डी सीनियर नेशनल, डेपार्टमेंट नेशनल, खेलो इंडिया यूनिवर्सइटी में अपनी सेवाएं दे चुके हैं पूरे भारत के 594 राष्ट्रीय निर्णायक में से राजस्थान से दो निर्णायकों का सिलेक्शन हुआ है। राजस्थान से दो निर्णायक जाएंगे उसमें से दिलीप टाक श्री सीमेंट व शंकर लाल भीलवाड़ा से हैं राष्ट्रीय कबड्डी दिलीप टाक का चयेन होने पर प्लांट हेड विकास सिंगल जी व हेड नीरज कुमार शर्मा व गोविंद स्वरूप नियति ने दिलीप टाक को बधाई दी।

### विदेशी पर्यटक बना हरिदास

**पुष्कर** (निसं.)। यूरोप युगोस्लाविया के समीप का ही रहने वाला विदेशी पर्यटक को भारतीय संस्कृति इतनी भाई है कि उसने हिन्दू रीति रिवाज से दीक्षा लेकर अपना नाम हरिदास रखा है। हालांकि यह नाम उसके गुरु रामदास ने दीक्षा देने के बाद दिया है। हरिदास के गुरु राम दास ने बताया की यह विदेशी पर्यटक एक साल पहले ऋषिकेश में मिला उस दौरान उसे कच्ची दीक्षा दी गई। रामदास महाराज पुष्कर चला आया, एक साल बाद विदेशी पर्यटक रामदास को ढूंढते पुष्कर पहुंच गया। राम दास ने विदेशी की एक साल की तपस्या के बाद उसे पुष्कर सरोवर के किनारे दीक्षा दी। अब पर्यटक को हरिदास के नाम से जाना जाएगा। यही नहीं पर्यटक ने जिस तरह साधु संन्यासी रहते है उसी तरह भेग धारण किया है। शरीर पर कपड़े भा पीले पहन लिए है। विदेशी पर्यटक को भगवान शिव की पूजा कैसे की जाती है इस बारे में समझाया गया। विदेशी पर्यटक खुद बाजार शिव के लिए पुष्प ओर दूध लेकर आया। विदेश अब अपने गुरु के साथ ही सरोवर के किनारे कुटिया में रह रहा है।

### 7 घण्टे बिजली बंद रहेगी आज

**मसूदा** (निसं.)। मसूदा विधुत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि आवश्यक रखरखाव के कारण ब्यावर सड़क मार्ग पर रोड के पास में विद्युत लाइन के कार्य के चलते मसूदा फर्स्ट फिडर की विद्युत आपूर्ति दिनांक 06-01- 2025 को प्रात: 08.00 बजे से दोपहर 03.00 तक बंद रहेगी। मसूदा सबस्टेशन से चलने वाले 11 केवी फीडर मसूदा फर्स्ट फीडर से चलने वाले क्षेत्र मसूदा बस स्टैंड, रेबारियों की ढाणी, रामगढ़ चौराया, राम तलाई की पाल, ब्यावर रोड हॉस्पिटल, एसडीम ऑफिस, पंचायत समिति, इंदिरा कॉलोनी, मगरा कॉलोनी आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर आज सजेगा कीर्तन दरबार

**अजमेर,** (कासं)। श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज का प्रकाश उत्सव सोमवार को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा हाथीभाटा की ओर से प्रकाश पर्व के तहत रविवार को सुबह 10 से 1:30 बजे तक व सांय 7 से रात्रि 10 बजे तक कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। कीर्तन उपरांत लंगर वरताया जाएगा। 6 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती दिवस पर विशेष दीवान अजंता सिनेमा के पास सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक सजाया जाएगा। दोपहर 1:30 बजे से लंगर वरताया जाएगा, सांय 7:30 बजे हाथीभाटा स्थित गुरुद्वारा में कीर्तन दरबार सजेगा।